Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to anulled the construction of Ichha-Khartai Dam in Singhbhum, Jharkhand.

श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम): सभापति महोदय, आज शून्य काल के माध्यम से मैं अपने संसदीय क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगी।

पिछले चालीस-पैंतालीस वर्षों में मेरे संसदीय क्षेत्र में ईचा-खरकई डैम परियोजना चल रही है और 1981 से लेकर अब तक लगातार इसका विरोध होता रहा है। इस विरोध आंदोलन में शहीद गंगाराम कालुंडिया, जिन्होंने 1971 के युद्ध में भाग लिया था और तत्कालीन राष्ट्रपति द्वारा उन्हें वीरता पुरस्कार भी दिया गया था। इस ईचा-खरकई डैम परियोजना से हजारों-लाखों आदिवासी परिवार विस्थापित हो रहे हैं। मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगी कि इस परियोजना को तत्काल रद्द किया जाए, क्योंकि झारखण्ड सरकार ने इसे रद्द कर दिया है।

मैं आपके माध्यम से, सरकार से फिर एक बार निवेदन करूंगी कि इसे रद्द किया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति : सुश्री एस. जोतिमणि – उपस्थित नहीं ।

श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ ।